BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 06 मार्च, 2023 **थाना अरनिया**

चार कुन्तल (401 किग्रा) अवैध गांजा (कीमत करीब 30 लाख रुपये) व 01 ट्रक सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 05/06-03-2023 की रात्रि में थाना अरनिया पुलिस व एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स इकाई मेरठ द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर दो अभियुक्तों को अलीगढ-बुलन्दशहर रोड से 401.440 किग्रा गांजा व एक ट्रक सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया पर मुअसं-52/23 धारा 8/20/29/37/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि वे अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर उडीसा से गांजा भरकर लाये थे। अभियुक्तगण ट्रक में भरे काजू के छिलकों के बीच बरामद गांजे को छिपाकर ले जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- बहादुर पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम भदेसी थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ।

2- शमसेर पुत्र खचेरुमल उर्फ खचेरमल निवासी बसई बावस थाना सिकन्दरा राऊ जनपद हाथरस।

बरामदगी-

1- 401.440 किग्रा गांजा

2- 01 ट्रक नं0- RJ-11GA-5971

थाना अरनिया पुलिस टीम –

1- श्री यज्ञदत्त शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना अरनिया

2 - उ0नि0 श्यामवीर सिंह

3- है0का0 अमरेश कुमार, है0का0 प्रवेश कुमार का0 अंकुश कुमार, का0 रविन्द्र सिंह, का0 राजकिशोर

एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम-

1- उ0नि0 योगेन्द्र सिंह, उ0नि0 शिवम त्यागी

2- है0का0 धीरी सिंह, है0का0 नवीन कुमार, है0का0 मनीष कुमार, का0 विकास कुमार, का0चालक सोनू भाटी।

मीडिया सेल बुलंदशहर